## प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती की राह खुलेगी

# 15 साल बाद दोबारा शुरू होगा एनटीटी, 1700 सीटों पर प्रवेश

**जयपुर** | 15 सालों से बंद नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग (एनटीटी) कोर्स फिर से प्रारंभ होगा। कोर्स की 1700 सीटें होंगी। सरकार ने 34 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) में कोर्स शुरू करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। कोर्स का नया नाम डिप्लोमा इन प्री स्कूल एजुकेशन होगा। नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी कक्षाओं का प्रावधान है। इस कोर्स की मान्यता के लिए डाइट एनसीटीई में आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल और पीएम श्री स्कूलों में प्री प्राइमरी कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो चुका है। लेकिन इन स्कूलों में प्री प्राइमरी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं। कोर्स प्रारंभ होने से अब शिक्षक उपलब्ध हो सकेंगे। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट का कहना है प्रशासनिक स्वीकृति के तहत डाइट को एफिलिएटिंग बॉडी के रूप में अनापत्ति प्रदान की गई है। अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, बीकानेर, चित्तौड़गढ़ के अलावा चूरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जालौर, झालावाड, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, गंगानगर, टोंक, उदयपुर और गोगेलाव में यह कोर्स चलेगा। वर्ष 2006 से पहले तृतीय श्रेणी शिक्षक पद के लिए एनटीटी डिग्री धारी योग्य होते थे।

भास्कर खास | डिप्लोमा कोर्सः एनसीटीई से मान्यता के बाद शुरू हो सकेगा नया पाठ्यक्रम

# अब डाइट से होगा एनटीटी कोर्स, राज्य सरकार की मंजूरी के बाद प्रदेश के 34 कॉलेजों को एनओसी

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम (डीएलएड) के साथ - साथ अब राज्य के डाइट (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) एनटीटी कोर्स भी करवाएंगे। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने बीकानेर सहित राज्य के 34 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कॉलेजों को इस नए पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए एफिलिएटिंग बॉडी के रूप में एनओसी प्रदान कर दी है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। प्रत्येक डाइट में एनटीटी की 50 सीटें होंगी। यह कोर्स अब नए नाम से शुरू किया जाएगा। इस कोर्स का नया नाम डिप्लोमा इन प्री स्कूल एजुकेशन (डीपीएसई) होगा। दरअसल, नई शिक्षा नीति में प्री- प्राइमरी कक्षाओं का प्रावधान किया गया है। राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल और पीएम श्री स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो गया है। इन स्कूलों में प्री- प्राइमरी कक्षाओं के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इन शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए सरकार ने एनटीटी पाठ्यक्रम (डीपीएसई) को शुरू करने की तैयारी शुरू की है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग में इसके लिए सभी डाइट को एनओसी जारी कर दी है। अब डाइट स्तर पर इस कोर्स को शुरू करने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मान्यता लेनी होगी।

**एक हजार महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एनटीटी टीचर्स के 2020 पद :** राज्य के लगभग एक हजार दस महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एनटीटी टीचर के 2020 पद स्वीकृत हैं। प्रत्येक स्कूल में एनटीटी टीचर के दो पद दिए गए हैं। हालांकि पूर्व में महिला बाल विकास में कार्यरत लगभग 1800 एनटीटी शिक्षकों को मर्ज कर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में संचालित बाल वाटिका कक्षाओं के संचालन के लिए लगाया गया है।

## एनसीटीई से हरी झंडी के बाद शुरू होगा नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स

एनसीटीई की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद राज्य के डाइट कॉलेजों में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स शुरू किया जा सकेगा। सभी संसाधन वाले डाइट की तरफ से एनसीटीई को कोर्स शुरू करने के लिए आवेदन करना होगा। फिर एनसीटीई की टीम डाइट का दौरा करेगी। यह टीम भवन और शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य मापदंडों की जांच करेगी। जांच के बाद ही एनसीटीई इस कोर्स को शुरू करने की अनुमति जारी करेगी।

*राज्य के 34 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को एनटीटी कोर्स शुरू करने के लिए एफिलिएटिंग बॉडी के रूप में एनओसी दी गई है। डिप्लोमा इन प्री-स्कूल एजुकेशन कोर्स शुरू करने के लिए अब डाइट को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में आवेदन करना होगा।*

**सीताराम जाट,** निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा

# कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पताः–कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर लक्ष्मी निवास पैलेस के पास, लालगढ़ रोड़, बीकानेर

दूरभाष–0151.2226557 ईमेल– aayukt.ele@gmail.com

## आदेश

राज्य सरकार के पत्र क्रमांकः प.7(14)प्राशि/आयो/2024–07354 जयपुर दिनांकः 16.01.2025 के द्वारा राज्य में संचालित प्रत्येक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) में 50 सीटों पर एन.टी.टी. (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) कोर्स जिसका वर्तमान नाम डी.पी.एस.ई. (Diploma in Pre school Education है) शुरू किए जाने हेतु प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के तहत निम्नलिखित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) को एफिलिएटिंग बॉडी के रूप में अनापत्ति प्रदान की जाती है।

| S.No. | District | Institute Name |
|---|---|---|
| 1 | AJMER | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), MASUDA, AJMER |
| 2 | ALWAR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), ALWAR |
| 3 | BANSWARA | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), GARHI, BANSWARA |
| 4 | BARAN | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BARAN |
| 5 | BARMER | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BARMER |
| 6 | BHARATPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BHARATPUR |
| 7 | BHILWARA | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), SHAHPURA, BHILWARA |
| 8 | BIKANER | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BIKANER |
| 9 | BUNDI | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BUNDI |
| 10 | CHITTORGARH | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), CHITTORGARH |
| 11 | CHURU | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), CHURU |

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.05.01 14:24:42 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 12 | DAUSA | DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION AND TRAINING (DIET), BASWA, DAUSA |
| 13 | DHOLPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), DHOLPUR |
| 14 | DUNGARPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), RAMBOLA MATH,DUNGARPUR |
| 15 | HANUMANGARH | DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION TRAINING (DIET), HANUMANGARH JUCTION, HANUMANGARH |
| 16 | JAIPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), GONER, JAIPUR |
| 17 | JAISALMER | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), JAISALMER |
| 18 | JALORE | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), JALORE |
| 19 | JHALAWAR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), JHALRAPATAN, JHALAWAR |
| 20 | JHUNJHUNU | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), JHUNJHUNU |
| 21 | JODHPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), VIDHYASHALA, JODHPUR |
| 22 | KARAULI | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), KARAULI |
| 23 | KOTA | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), KOTA |
| 24 | NAGAUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), KUCHAMAN CITY |
| 25 | PALI | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), BAGDI NAGAR, |

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.05.01 14:24:42 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 26 | PRATAPGARH | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), PRATAPGARH |
| 27 | RAJSAMAND | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), NATHDWARA, RAJSAMAND |
| 28 | SAWAIMADHOP UR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), SAWAIMADHOPUR |
| 29 | SIKAR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), SIKAR |
| 30 | SIROHI | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), ABU PARVAT, SIROHI |
| 31 | SRI GANGANAGAR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), CHUNAVAD, SRI GANGANAGAR |
| 32 | TONK | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET),TONK |
| 33 | UDAIPUR | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), GOVERDHAN VILLAS, UDAIPUR |
| 34 | GOGELOW | DISTRICT INSTITUTE FOR EDUCATION & TRAINING(DIET), GOGELOW |

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/शिप्र/4467/ऑल डाईट/2023 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपिः

1. संयुक्त शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, जयपुर
2. क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर क्षेत्रीय समिति, नई दिल्ली
3. सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान................
4. रक्षित पत्रावली

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.05.01 14:24:42 IST
Reason: Approved

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) विभाग
राजस्थान, बीकानेर

RajKaj Ref No.: 15028931